# क्राइम पेट्रोल

वर्षः 16 अंकः 181 देहरादून शनिवार 28 मई 2022 | livecrimepatrol@gmail.com | (RNI No. UTTHIN/2005/16772) पृष्ठः 8 मूल्यः 1 रूपये


## रोपवे प्रोजेक्ट्स की सीएस ने की समीक्षा



देहरादून, विशेष संवाददाता। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में उत्तराखण्ड में रोपवे प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सभी प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी प्रोजेक्ट्स के लिए टाइम लाइन्स निर्धारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक स्टेप के लिए प्रत्येक स्तर पर टाइम लाइन निर्धारित किए जाने की बात कही। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स की डीपीआर और फॉरेस्ट और अन्य प्रकार की क्लियरेंस की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी प्रोजेक्ट्स में जो कार्य एक साथ शुरू किए जा सकते हैं, किए जाएं, इससे कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट्स की लगातार समीक्षा कर आ रही समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि सोनप्रयाग–गौरीकुंड–केदारनाथ रोपवे और गोविंदघाट–घांघरिया–हेमकुंड साहिब रोपवे की डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जबकि पंचकोटी से बौराड़ी, बलाती बैंड से खलिया टॉप, ऋषिकेश से नीलकंठ, औली से गोरसों और रानीबाग से हनुमान टेंपल रोपवे प्रोजेक्ट्स की डीपीआर हेतु कंसल्टेंट नियुक्त कर दिया गया है। इस अवसर पर सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 432326 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं नैनीताल में

नैनीताल, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। भारत सरकार एवं जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल के निर्देशों के क्रम में स्वास्थ विभाग द्वारा जनपद में वर्तमान तक आयुष्मान योजना के अन्तर्गत 432326 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं तथा 33229 लाभार्थियों को 356150238/–(रू पैंतीस करोड़ रूपये से अधिक) का ईलाज निशुल्क प्रदान किया जा चुका है। इस योजना के अन्तर्गत 05 लाख रूपये तक का निशुल्क कैश लेस ईलाज किया जा सकता है। योजना में 24 चिकित्सकीय विशेषाताओं के अन्तर्गत 1578 विभिन्न बीमारियों (पैकेज) के ईलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। पात्र लाभार्थी अपनी गम्भीर बीमारी का ईलाज निशुल्क कर सकते व परिवार के सभी सदस्य योजना का लाभ ले सकते हैं। यह सुविधा राज्य के सरकारी चिकित्सालयों व चिन्हित निजी चिकित्सालय सम्मलित है। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में राशन कार्ड (ऑनलाईन), आधार कार्ड, एमएसबीवाई कार्ड अनिवार्य है। इस योजना की अधिक जानकारी के लिए आयुष्मान भारत हेल्प लाईन नम्बर 155368/104 वेबसाइट के माध्यम से सम्पर्क कर सकते हैं।

## सीएस ने कहा, स्टार्टअप को बढ़ावा दिए जाने को लगातार पॉलिसी में सुधार किए जाएं



नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में सचिवालय में उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल की बैठक हुई। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा दिए जाने हेतु लगातार पॉलिसी में सुधार किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप और इंक्यूबेटर्स को सरकार द्वारा लगातार सहयोग दिया जाए। मुख्य सचिव ने फोकस सेक्टर को सीमाओं में न बांधते हुए सभी सेक्टर्स में फोकस किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टार्टअप्स हेतु आयोजित आइडिया चौलेंज के अंतर्गत टॉप 10 सुझावों को दिए जाने वाले 50 हजार रुपए का कैश प्राइज को बढ़ाकर टॉप 20 सुझावों को 2 लाख रुपए का कैश प्राइज दिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इंक्यूबेटर्स को दिए जाने वाले ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस एक्सपेंसेज को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किए जाने और कैपिटल ग्रांट को 1 करोड़ से 2 करोड़ किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को स्टार्टअप्स के साथ मासिक रूप से बैठकें आयोजित कर उनकी समस्याओं को दूर करने हेतु लगातार प्रयास किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आइडिया शेयरिंग के लिए उद्योग विभाग, इंक्यूबेटर और स्टार्टअप्स का एक व्हाट्सएप ग्रुप के साथ ही डिपार्टमेंट की वेबसाइट में ऐसा सिस्टम डेवलप करने के निर्देश दिए जिससे आपस में आइडियाज और जानकारियां साझा की जा सकें।

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को स्टार्टअप की दिशा ने कुछ न कुछ किए जाने के निर्देश दिए, ताकि इससे प्रत्येक क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को इन्नोवेटिव आइडिया के साथ ही अन्य राज्यों द्वारा किए जा रहे अच्छे आइडियाज को तुरंत अपनाए जाने के भी निर्देश दिए। ऐसे आइडियाज जो अच्छे तो हैं, परन्तु किसी कारण से उन्हें फंडिंग नहीं मिल पा रही है, उनके लिए सरकारी सिस्टम को सहयोग के लिए आगे आने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर सचिव सौजन्या, सचिव डॉ. पंकज पाण्डेय एवं प्रबन्ध निदेशक सिडकुल रणवीर सिंह चौहान सहित उत्तराखण्ड स्टार्टअप काउंसिल के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महिलाओं के अधिकारों का क्रियान्वयन जरूरीः खंडूड़ी

तिरुवनंतपुरम, नगर संवाददाता। केरल विधानसभा द्वारा तिरुवनंतपुरम में 26 मई से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने प्रतिभाग किया। सत्र के दौरान वक्ता के रूप मे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने के क्षेत्र में जबरदस्त प्रगति करते हुए कई मील के पत्थर पार किए हैं, इसके बावजूद भी महिलाओं के लिए वास्तव में स्वतंत्र समान स्थिति के सपनों को पूरी तरह से साकार करने के लिए अभी भी बहुत सारी चुनौतियां मौजूद हैंद्यउन्होंने कहा कि इस दिशा में सबको एकजुट हो कर राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है। भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में श्आजादी का अमृत महोत्सवश के हिस्से के रूप में केरल विधानसभा की मेजबानी में देश में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा 26 मई को किया गयाद्य उद्घाटन सत्र के दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम ने देश में लैंगिक समानता की नींव रखी। उन्होंने उन महिलाओं के प्रेरणादायी योगदान को याद किया जिन्होंने उपनिवेशवाद से मुक्ति दिलाने के लिए लगातार संघर्ष किया। उन्होने कहा कि महिलाएं जीवन के चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही हैं और कोविड महामारी से मजबूती से लड़ने में महिलाओं ने अपनी सूझबूझ दिखाई। उन्होंने कहा कि गांधी जी के कुशल नेतृत्व में असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में महिलाओं की उत्च्कृष्ट भागीदारी रही है। राष्ट्रीय महिला विधायक सम्मेलन के सत्र के दौरान संविधान एवं महिलाओं के अधिकारश विषय पर उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अपने विचार रखते हुए कहा कि ष्यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमन्ते तत्र देवता"द्यउन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अंतर्गत महिलाओं को कई सांविधानिक अधिकार प्रदान किए गए हैं,समय–समय पर संविधान में महिलाओं की स्थिति को मजबूत करने के लिए संशोधन किए जाते रहे हैंद्य विधानसभा अध्यक्ष ने संविधान में दिए गए महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से अपने विचार रखेंद्यउन्होंने कहा कि अभी भी पुरुष–प्रधान समाज में महिलाओं के साथ लैंगिक आधार पर किए जा रहे भेदभाव को समाप्त करने के लिए उनके अधिकारों को न केवल सुनिश्चित करना जरूरी है बल्कि उन अधिकारों का क्रियान्वयन भी आवश्यक है।

## छोटी-छोटी खबरें

### छापा मारकर टाटा कंपनी का नकली नमक पकड़ा

1 लक्सर कोतवाली क्षेत्र के रायसी में टाटा कंपनी के अफसरों ने छापा मारकर चार दुकानों से 175 किलो नकली टाटा नमक पकड़ा है। टाटा कंपनी ने दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। कंपनी को शिकायत मिली थी कि टाटा कंपनी के नमक की हूबहू पैकिंग में नकली नमक बेचा जा रहा है। शिकायत पर गाजियाबाद से कंपनी के अधिकारी उमेश कुमार व योगेश ने लक्सर कोतवाली पुलिस की मदद से लक्सर क्षेत्र के रायसी में दुकानों पर छापेमारी की। घटना के मुताबिक, टाटा कंपनी के अधिकारी कस्टमर बनकर दुकानदार के पास पहुंचे और दुकानदार से टाटा नमक मांगा। दुकानदार से टाटा नमक दिया तो जांच में पता चला कि कंपनी की हूबहू पैकिंग पर नकली नमक को टाटा कंपनी का नमक बनाकर बेचा जा रहा है। दुकान की तलाशी लेने पर 1 किलो के 77 पैकेट नकली टाटा नमक मिला।वहीं, दूसरी दुकान से 60 पैकेट 1 किलो के टाटा नमक बरामद हुए। वहीं, तीसरी दुकान पर छापा मारने से पहले ही दुकानदार फरार हो गया। तीसरी दुकान पर छापेमारी में दो किलो नकली टाटा नमक मिला। इसके अलावा चौथी दुकान पर छापेमारी करने पर 23 किलो नकली टाटा नमक मिला। इस दौरान चार दुकानों पर छापेमारी की गई जिसमें 175 किलो नमक बरामद हुआ। वहीं, कंपनी के अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि टाटा कंपनी नमक की पैकिंग हूबहू की गई की। मगर चेक करने पर पता चला कि नमक दूसरा है, जिसमें 4 दुकानदारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। दुकानदारों का नाम राकेश, विपिन, सोनू, यूनुस है. चारों के खिलाफ कॉपीराइट एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### चोरी का सामान खरीदने वाले स्क्रैप डीलर दबोचे

रामनगर। गुलरघट्टी में चोरी की वारदात को रामनगर के युवकों ने अंजाम दिया था। चोरी का माल खरीदने वाले स्क्रैप डीलर समेत तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से सामान भी बरामद हुआ है। मोहल्ला गुलरघट्टी निवासी सगीर अहमद पुत्र अमीर हुसैन की मोहल्ले में ही बैल्डिंग वर्क्स के नाम से दुकान है। 25 मई की रात में चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। शुक्रवार को पुलिस ने चोरी का खुलासा किया।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि चोरी के मामले में मोहल्ला बड़ी मस्जिद के पास खताड़ी निवासी सलमान उर्फ शंकर पुत्र अजीम व निसार उर्फ नीशू पुत्र सफीक अहमद शामिल थे।

## आईआईटी रुड़की ने शैक्षणिक और अनुसंधान संगठनों के साथ साझेदारी को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए



नगर संवाददाता

रुड़की। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) के 175 साल के समारोह के शुभारंभ पर, प्रोफेसर अजीत के चतुर्वेदी, निदेशक, आईआईटी रुड़की ने उत्तराखंड में मौजूद सभी उच्च शिक्षा संस्थानों और रुड़की से 200 किमी के दायरे में मौजूद पड़ोसी राज्यों के संस्थानों से मिलकर अनुसंधान, नवाचार और विकास (आर एंड डी) में ज्ञान, सृजन और सहयोग हेतु मुलाकात की। इस कार्यक्रम की मेजबानी आईआईटी रुड़की ने आज सीनेट हॉल में की, जहां पार्टनरिंग संस्थानों के प्रमुख, प्रोफेसर अरुण कुमार, अध्यक्ष 175 वर्ष समारोह समिति, प्रोफेसर संजीव मन्हास, संयोजक समन्वय समिति, आईआईटी रुड़की 175 पार्टनरशिप्स, प्रोफेसर ए के चतुर्वेदी, निदेशक आईआईटी रुड़की, प्रो. मनोरंजन परिदा, उप. निदेशक आईआईटी रुड़की, प्रोफेसर विवेक मलिक, सदस्य समन्वय समिति,175 पार्टनरशिप्स, आईआईटी रुड़की उपस्थित थे। इसके अलावा कार्यक्रम में चेयरमैन,एआईसीटीई और चेयरमैन बीओजी तथा आईआईटी रुड़की की ऑनलाइन उपस्थिति ने शोभा को बढ़ाया। आयोजन से पहले समझौता ज्ञापन (एमओयू) तैयार किया गया था और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की, उत्तराखंड और पांच चयनित शैक्षणिक संस्थानों जैसे ग्राफिक एरा (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), देहरादून स्वामी रामा हिमालयन विश्वविद्यालय, जॉली ग्रांट, देहरादून; नोएडा इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जीआर नोएडा; नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, उत्तराखंड; कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, रुड़की के बीच सहयोग के लिए प्रारंभिक ढांचा स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की गई। कार्यक्रम के दौरान संस्थानों के प्रमुखों द्वारा समझौता ज्ञापन प्रदर्शित किया गया। साझेदारी का दायरा आईआईटी रुड़की की 175 वीं भागीदारी की पहल में उल्लेखित शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग और विकास को बढ़ावा देना जैसे– अनुसंधान सहयोग, पीएचडी छात्रों का संयुक्त मार्गदर्शन, संकाय सदस्यों को पीएचडी फेलोशिप, सहयोगी संस्थानों से आईआईटी रुड़की में संकाय का दौरा, शोधार्थियों के दौरे का प्रावधान, अन्य के साथ–साथ भागीदार संस्थानों में अनुसंधान क्षमता स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए वित्त पोषण के संयुक्त प्रस्तावों की अनुमति देना।ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून के कुलपति प्रोफेसर एच एन नागराज ने इस साझेदारी का स्वागत किया, जिसका उद्देश्य जीवन को बदलने वाली खोजें, ज्ञान का अधिग्रहण और परिवर्तनकारी अनुभव करना है। प्रोफेसर विजय धस्माना, कुलपति स्वामी रामा हिमालयन यूनिवर्सिटी ने भी समझौता ज्ञापन में उल्लेखित अंतःविषय और बहु–विषयक सहयोग की सराहना की।

## स्पिक मैके करेगा सांस्कृतिक उत्सव हाइब्रिड सम्मेलन 'अनुभव 4' की मेजबानी

देहरादून, नगर संवाददाता। द सोसाइटी फॉर द प्रमोशन ऑफ इंडियन क्लासिकल म्यूजिक एंड कल्चर अमंग यूथ (स्पिक मैके) अनुभव–4 नामक कार्यक्रमों के हाइब्रिड सम्मेलन के चौथे संस्करण की मेजबानी कर रहा है। ऑफलाइन के साथ–साथ ऑनलाइन कार्यक्रमों की श्रृंखला 29 मई से 4 जून तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर बोलते हुए, मीडिया निदेशक, स्पिक मैके, सुमन डूंगा ने कहा, "इस वर्ष, हम अपने प्रमुख ऑनलाइन कन्वेंशन अनुभव के चौथे संस्करण का आयोजन कर रहे हैं। हम आजादी का अमृत महोत्सव– भारत की आजादी के 75 वर्ष भी मन रहे हैं और इस श्रृंखला को संतूर वादक, स्वर्गीय पंडित शिवकुमार शर्मा की याद में समर्पित कर रहे हैं, जिनका हाल ही में निधन हो गया।

अनुभव में 25 से अधिक ऑनलाइन कार्यशालाओं आयोजित की जाएगी जहां भारत के कोने–कोने से 2500 से अधिक छात्र भाग लेंगे। इनमें से कुछ कार्यशाला स्पिक मैके के यू ट्यूब चौनल पर उपलब्ध होंगे। दोपहर के सत्र में वार्ता, फिल्म स्क्रीनिंग, विशेषज्ञों के साथ चर्चा और लोक प्रदर्शन शामिल होंगे। शाम को भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य के क्षेत्र के महान उस्तादों को देखने को मिलेगा। प्रसिद्ध कलाकार जो स्पिक मैके अनुभव 4.0 का हिस्सा होंगे, वे हैंरू बेगम परवीन सुल्ताना, उस्ताद वसीफुद्दीन डागर, गुरु घनकांत बोरा, पं तेजेंद्र नारायण मजूमदार, विदवान उमयालपुरम के शिवरामन, विदवान सिक्कल गुरुचरण, विदुषी कन्याकुमारी, पं उल्हास कशालकर, पं. राजेंद्र गंगानी, पं. नित्यानंद हल्दीपुर, विदुषी कपिला वेणु, पं. वेंकटेश कुमार, विदुषी सुगुना वरदाचारी, विदुषी श्रुति सदोलीकर और विदुषी एस सौम्या। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, स्पिक मैके उत्तराखंड की मुख्य–समन्वयक विद्या वासन ने कहा, "स्कूलों और कॉलेजों के प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से महान गुरुओं से भारत के विभिन्न कला रूपों को सीखेंगे और एक हॉल में बड़ी स्क्रीन पर कुछ सुंदर संगीत कार्यक्रम भी देखेंगे। प्रतिभागियों को शास्त्रीय संगीत और नृत्य संगीत, व्याख्यान प्रदर्शन, कार्यशालाएं, वार्ता, नाद योग, हठ योग, ध्यान, सिनेमा क्लासिक्स, लोक कला और शिल्प, सांस्कृतिक विरासत जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कुछ महान गुरुओं से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अनुभव 4 वरिष्ठ योग गुरुओं के साथ योग सत्र और ब्रह्मकुमारियों के एक युवा शिक्षक द्वारा ध्यान सत्र के साथ शुरू होगा, इसके बाद विभिन्न शास्त्रीय कला रूपों, लोक रूपों, शिल्प और चित्रकला के गुरुओं के साथ कार्यशालाएं होंगी।

### आपकी आवाज

**प्रिय पाठकों**

आप अपने क्षेत्र में भ्रष्टाचार, जनहित से जुड़ी अनेकों समस्याओं से अवगत होते हैं। इसके लिए आवाज भी उठाते हैं, लेकिन भ्रष्टाचार व काला–बाजारी के इस युग में आपकी आवाज यदि कहीं दबकर रह जाती है। क्राइम पेट्रोल आपके साथ मिलकर आपकी आवाज उठाएगा। आप कोई जानकारी व समाचार समेत किसी भी प्रकार की कोई सूचना हमें देना चाहते हैं, तो आपके सुझाव आमंत्रित हैं। भ्रष्टाचार को मिटाने की इस मुहिम में हम आपके साथ हैं। आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हमें संपर्क करें।

**क्राइम पेट्रोल लाइवः**

प्रवीन भारद्वाज– 9837625470

डीएवीपी ( भारत सरकार ) द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त

आर.एन.आई. रजि. नं० UTTHIN/2005/16772

डाक पंजी० नं० UA/0/DDN/609/2011-13

दूरभाष : 9837625470

फैक्स : 0135-2740155

ई-मेलः crimepatroleditor@gmail.com

visit:- https://crimepatrol.live


# जिलाधिकारी ने लिया केदारनाथ यात्रा मार्ग का जायजा

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ यात्रा के अहम पड़ावों में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने सोनप्रयाग से लेकर गौरीकुंड घोड़ा–पड़ाव तक संबंधित अधिकारियों के साथ जायजा लिया। इस दौरान यात्रा मार्गों पर फैल रही अव्यवस्थाओं को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। वहीं, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. वी मुरुगेशन ने केदारनाथ यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।बता दें कि 23 और 24 मई को लगातार हुई बारिश के बाद 25 मई से शुरू हुई यात्रा पर सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक अव्यवस्थाएं फैल गई। तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग–गौरीकुंड राजमार्ग पर जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। डीएम और एडीजी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट व पुलिस



अधिकारियों को शीघ्र व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए कहा है। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि केदारनाथ धाम में आ रहे तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा ना हो। साथ ही केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग में घोड़े–खच्चरों का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जाए। वहीं, सोनप्रयाग से संचालित हो रहे प्रीपेड काउंटर से ही केदारनाथ जा रहे तीर्थ यात्रियों की बुकिंग की कार्रवाई करने और गौरीकुंड से यात्रियों को उपलब्ध कराए गए टिकट के अनुसार घोड़ा खच्चर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यात्रा मार्ग में साफ–सफाई, शौचालय की व्यवस्था को दुरस्त रखने एवं सभी यात्रियों को पानी उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था के संचालन को लेकर निर्देश दिए कि आने वाले वाहनों की पार्किंग ठीक ढंग से की जाए, ताकि जाम की स्थिति न बने।




## प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश व ओलावृष्टि का अनुमान

देहरादून, नगर संवाददाता। मौसम विभाग द्वारा एक बार फिर राज्य में मौसम खराब होने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। चारधाम यात्रियों को यात्रा के दौरान सतर्कता बरतने को कहा गया है।

मौसम विभाग के निदेशक डॉ विक्रम सिंह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आगामी 24 घंटों में राज्य के कई हिस्सों में कहीं भारी तो कहीं हल्की बारिश और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई गई है। उनका कहना है कि राज्य में चल रही चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों को सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मई के पूरे माह यानी 28–29 मई तक प्री मानसूनी बारिश का क्रम जारी रहेगा। लेकिन आने वाले 24 घंटों में राज्य के कुछ हिस्सों में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। जबकि कुछ स्थानों पर गरज के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग द्वारा चारधाम यात्रा मार्गों पर इस दौरान भूस्खलन और भू कटाव जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी के बाद आपदा कंट्रोल रूम और एसडीआरएफ को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। यात्रियों से अपील की गई है कि वह मौसम खराब रहने के दौरान यात्रा न करें तथा पड़ावों पर ही मौसम साफ होने का इंतजार करें। उल्लेखनीय है कि अभी खराब मौसम के कारण दो दिनों तक केदारनाथ धाम और यमुनोत्री धाम की यात्रा बाधित रही थी वही यमुनोत्री मार्ग पर सड़क धंसने से कई हजार यात्री लंबे समय तक फंसे रहे थे। एक बार फिर मौसम विभाग की भविष्यवाणी अगर सच साबित होती है तो मौसम एक बार फिर चारधाम यात्रियों की कड़ी परीक्षा लेने वाला है।

## हाईटेंशन की चपेट में आये दो बच्चों की मौत

देहरादून, स्टाफ रिपोर्टर। बंसत विहार क्षेत्रांर्तगत बनियावाला में हाईटेंशन की चपेट में आकर झुलसे जुड़वा बच्चों की शुक्रवार सुबह मौत हो गयी है। यह दोनो जुड़वा बच्चे मंगलवार को अपने घर में ही हाईटेंशन की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गये थे जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। बनियाला में सेवली गांव नंदन एन्क्लेव में टावर संख्या 36 और 37 के बीच दो सात वर्षीय बच्चे प्रिंस और गोलू अपने घर की छत पर पानी के पाइप लाइन से खेल रहे थे। साथ ही उनकी मां पानी का मोटर चलाकर छत की सफाई कर रही थी। इस बीच कुछ समय के लिए उस क्षेत्र की बिजली चली गयी। फिर अचानक बिजली आने से पानी के मोटर चलते ही पानी तेजी के साथ निकलने लगा और यह पानी तेजी से वहां से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइन पर गिरने लगा।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 58,640 विद्यार्थियों को प्रदान की गईं उपाधियां

क्राइम पेट्रोल संवाददाता

नैनीताल। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने शुक्रवार को डी.बी.एस परिसर में आयोजित कुमाऊं विश्वविद्यालय के 17वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि/उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल और उच्च शिक्षा मंत्री ने शैक्षिक सत्र 2019–20 एवं 2020–21 के सामान्य एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्नातक एवं परास्नातक स्तर के कुल 58,640 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की। समारोह में जहां 410 विद्यार्थियों को पी.एच.डी की उपाधि प्रदान की गई वहीं स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले 115 विद्यार्थियों को मेडल एवं 5 विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार दिए गए। इसके साथ ही डा. सूरज सिंह को संस्कृत व डॉ. विनय कांडपाल को प्रबंधन में डी. लिट की उपाधि और डॉ. चन्द्रशेखर को वनस्पति विज्ञान में डी0एस–सी की उपाधि दी गई।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी उपाधि धारकों एवं मेडल धारकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का सही उपयोग तभी संभव है जब वह जानकारी 'लैब टू लैण्ड' यानी प्रयोगशालाओं से खेतों तक और 'क्लासरूम टू विलेज' यानी कक्षाओं से गांव तक पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि आज बेहद हर्ष का विषय है कि 120 में से 95 गोल्ड मेडल बेटियों ने प्राप्त किए हैं जो यह साबित करती है कि वे किसी से कम नहीं हैं, इससे यह पता चलता है कि बेटियां कितनी विशिष्ट क्षमताओं से युक्त हैं। उत्तराखण्ड की नारी शक्ति अलग ही नेतृत्व क्षमता से युक्त है। उनके बड़े योगदान से हमारे देश और विदेश का मान–सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विद्या, ज्ञान, अनुशासन और परिश्रम ऐसे कारक हैं जो हमारे जीवन में ज्ञान फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे आशा है कि ज्ञान और आचरण के इसी प्रकाश को लेकर आप भी आगे बढ़ेगें। राज्यपाल ने उपस्थित छात्र–छात्राओं से अपील की कि वे किसी भी क्षेत्र में कार्य करें किन्तु गांव में रहने वाली मातृशक्ति के जीवन को उन्नत और सरल बनाने में अपना योगदान अवश्य दें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का प्रयोग कक्षा के बाहर, गांव और खेत–खलिहानों तक हो इस दिशा में शिक्षा के स्वरूप को विकसित करना होगा। ज्ञान किताबों तक सीमित न रहे, शिक्षा कक्षाओं तक सीमित न रहे, अनुसंधान और परियोजनाएं केवल कागजों और फाइलों में सिमटकर न रह जाएं, अपितु ये सब कार्य लोगों की आजीविका और जीवन शैली को उन्नत, सरल व सुगम बनाने के काम आएं।



राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शैक्षिक सेवाओं तथा अकादमिक उपलब्धियों के साथ–साथ विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा विश्वविद्यालय को रैंकिंग और अनेक उपलब्धियां, संतोष और प्रसन्नता के साथ–साथ एक नई आशा का भी संचार करती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल की सुंदरता पूरी दुनिया को आकर्षित करती है। यहां की झीलें प्रकृति के किसी सुंदर वरदान से कम नहीं हैं। एक विश्वविद्यालय के नाते प्रकृति के संरक्षण के साथ–साथ सफाई व पर्यटन गतिविधियों को एक साथ बढ़ाने का कार्य करे। इस दिशा में विश्वविद्यालय को शोध, अनुसंधान और कार्ययोजना तैयार करनी होगी, ताकि समृद्ध जैवविविधता और पर्यावरण की रक्षा हो सके और पर्यटकों के लिए सुविधा विकसित हो। उन्होंने कहा कि देवभूमि के प्रत्येक नागरिक की यह जिम्मेदारी है कि हम अपने प्रदेश को साफ–सुथरा व प्लास्टिक मुक्त करें। राज्यपाल ने कहा कि आने वाला समय विश्वगुरू के रूप में भारत नेतृत्व करेगा इसके लिए विद्यार्थियों को ज्ञानवान, परिश्रमी, मेधावी और चरित्रवान नागरिक के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करना होगा।

विशिष्ट अतिथि डॉ.धन सिंह रावत ने मेडल और उपाधि धारकों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में इसी वर्ष नई शिक्षा नीति लागू की जा रही है जिसमें वेद, ज्योतिष, वैदिक गणित, उत्तराखण्ड का इतिहास, जसूली देवी का इतिहास सहित क्षेत्रीय भाषाओं के पाठ्यक्रम सम्मिलित किया जायेगा। उच्च शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के लिए 10हजार नई किताबें देने की घोषणा की। साथ ही अवस्थापना से संबंधित जो भी कमियां हैं उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले इस ओर हर संभव प्रयास किये जायेंगे। दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो.एन.के.जोशी ने विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ–साथ खेल के क्षेत्र और फैकेल्टी व एन.सी.सी की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। कुलसचिव दिनेश चन्द्रा ने उपस्थित लोगों का धन्यवाद व्यक्त किया। इस समारोह में प्रथम महिला गुरमीत कौर, विधायक सरिता आर्य, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पंकज भट्ट, डी.बी.एस परिसर के निदेशक प्रो. एल.एम.जोशी सहित कार्यपरिषद् व विद्यापरिषद् के सदस्य, डिग्री व मेडल प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।


## Aman Generator House

All Uttarakhand Service



KVA To 25, 62, 82, 125, 250, 280, 320, 500, 750, 1250, KVA Generator also Available For Rent & Old Generator Sala & Purchase & Service

8191001817, 9760407371

Office : Opp IT Park, Sahastradhara Road Dehradun

# काशीपुर फ्लाईओवर में सर्विस रोड न बनाए जाने से गुस्साए व्यापारी

नगर संवाददाता

काशीपुर। काशीपुर में निर्माणाधीन फ्लाईओवर की निर्माणदायी कम्पनी के द्वारा सर्विस रोड न बनाये जाने से व्यापारी गुस्सा हैं। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के नेतृत्व में किए जा रहे धरने का असर उस वक्त देखने को मिला, जब आरओबी का एनएच के अधिशासी अभियंता निरीक्षण करने पहुंचे। व्यापारियों की उनसे तीखी नोकझोंक हो गई। धरने पर बैठे काशीपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष समेत अनेक व्यापारियों ने ईई को व्यथा सुनाई। काशीपुर पहुंचे एनएच के अधिशाषी अभियंता संजीव राठी निर्माणाधीन आरओबी का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रभात साहनी अन्य व्यापारियों के संग धरने पर बैठे हुए थे। ईई के पूछने पर प्रभात साहनी ने उन्हें मामले की पूरी जानकारी दी। इस दौरान केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई भी वहां पहुंचे। उन्होंने ईई को बताया कि फ्लाईओवर को ठेकेदार अपनी मनमर्जी से ठेके की शर्तों का दुरुपयोग कर कार्य का कोई न कोई बहाना बनाकर अपना फायदा कर रहा है। काशीपुर के पूरे व्यापार को नुकसान पहुंचाया गया है। व्यापारियों ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों की अनदेखी और ठेकेदार दीपक बिल्डर की लापरवाही के कारण काशीपुर की जनता बेमियादी अनशन पर बैठने को मजबूर है। साथ ही कहा कि पुल की गुणवत्ता भी बहुत खराब है। जिसके बाद वहां मौके पर दीपक बिल्डर के कर्मचारी अजय शर्मा भी पहुंचे। जिसके बाद सभी लोगों में खूब गर्मा गर्मी हुई। इसके बाद एनएच के अधिकारी व्यापार मंडल के साथ साथ केडीएफ के पदाधिकारी समेत नगर निगम पहुंचे। जहां घंटों की बैठक के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकल पाया। बैठक के बाद हल्द्वानी से आये एनएच के पदाधिकारी संजीव राठी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि शुक्रवार को ठेकेदार के सीनियर अधिकारी काशीपुर आ रहे हैं। जिसके बाद वह टाइम लाइन देंगे। इसके बाद उम्मीद है कि जून माह के अंत तक सिविल वर्क सारा पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन के ऊपर बनने वाले फ्लाईओवर का समय दिया जाएगा।






## जिलाधिकारी ने दिए कार्रवाई करने के निर्देश

देहरादून, नगर संवाददाता। सोशल मीडिया पर प्रकाशित खबर "आरकेडिया टी–स्टेट में तो धान–सब्जियाँ उगाई जा रही है, कानूनी तो ये प्रापर्टी सरकार की हो चुकी है" का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को उक्त प्रकरण पर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए नियमानुसार/विधिवत कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार द्वारा प्रबंधक टी–स्टेट आरकेडिया ग्रांट देहरादून को टी–स्टेट आरकेडिया ग्रांट के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों एवं जिन शर्तों के अनुसार भूमि आंवटित हुए है के समस्त अभिलेखों सहित उनके कार्यालय में 30 मई 2022 को स्वयं अथवा मामले की समस्त जानकारी रखने वाले अधिकारी/प्रतिनिधि को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित करें। उन्होंने कहा कि यदि उक्त तिथि में टी–स्टेट आरकेडिया ग्रांट के स्वामित्व के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करते अथवा अनुपस्थित रहते है तो प्रकरण पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत एकतरफा विधिवत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं होगी।

## दुकानों में लगी भीषण आग से लाखों का सामान जला

रुड़की, क्राइम पेट्रोल संवाददाता। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के धनोरी गांव में बीती देर रात अचानक इनवर्टर और टेंट की दुकान में भीषण आग लग गई। आस–पास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पहुंची लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। फायर की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रुड़की के धनोरी गांव स्थित दो दुकानों में देर रात आग लग गई। जानकारी मिली कि टेंट के दुकान में तीन गैस के सिलेंडर भी रखे हैं, जो आग की चपेट में आकर फट सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता है। फायर टीम ने सूझ–बूझ दिखाते हुए बड़ी मुश्किल से गैस के तीनों सिलेंडरों को दुकान से बाहर निकाल लिया। साथ ही आग पर भी काबू पा लिया। वहीं, आग लगने के कारण दोनों दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि इस अग्निकांड में कोई हताहत नहीं हुआ. आग से नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## संपादकीय..............

# हादसा रोकने को हों समुचित उपाय

यमुनोत्री हाईवे में डाबरकोट के समीप अनियंत्रित होकर महाराष्ट्र के तीर्थयात्रियों की बोलेरो गाड़ी गहरी खाई में गिर गई। जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। वाहन में 13 लोग सवार थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस, फायर सर्विस और एसडीआरएफ फोर्स की टीम ने बचाव कार्य को पूरा किया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 10 घायल व्यक्तियों को खाई से रेस्क्यू कर सड़क तक पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि ये सभी तीर्थयात्री महाराष्ट्र के रहने वाले थे। ये लोग यमुनोत्री धाम की यात्रा पूरी करके लौट रहे थे। गुरुवार देर रात्रि एसडीआरएफ टीम को थाना बड़कोट से सूचना प्राप्त हुई कि डाबरकोट में एक वाहन खाई में गिर गया। जिसकी सर्चिंग हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट बड़कोट से रेस्क्यू टीम तत्काल मय रेस्क्यू उपकरणों के घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत पता चला कि उक्त वाहन बोलोरो में 13 लोग सवार थे। ये लोग यमुनोत्री धाम दर्शन करके लौट रहे थे। डाबरकोट के समीप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे में 04 बच्चों सहित 10 लोग घायल हो गए। 03 लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई थी। मृतकों में चालक पूरणनाथ पुत्र गोपालनाथ निवासी अंधेरी मुंबई, जयश्री पुत्री अनिल उम्र 23 वर्ष निवासी तुनसार जिला भंडार महाराष्ट्र व अशोक पुत्र महादेव उम्र 40 वर्ष निवासी तुनसार जिला भंडार महाराष्ट्र शामिल हैं। घायलों में बालकृष्ण कोसरे उम्र 41 वर्ष निवासी तुनसार जिला भंडार महाराष्ट्र, अन्नू पुत्री श्री अशोक उम्र 04 वर्ष निवासी नागपुर महाराष्ट्र, रचना पत्नी अशोक उम्र 38 वर्ष निवासी नागपुर महाराष्ट्र, दिनेश पुत्र किशन उम्र 35 वर्ष निवासी तुनसार महाराष्ट्र, मोनिका पुत्री बालकिशन उम्र 24 वर्ष निवासी तुनसार महाराष्ट्र, कृतिका पुत्री अशोक उम्र 15 वर्ष निवासी नागपुर महाराष्ट्र वोदी पुत्री प्रशांत उम्र 10 वर्ष निवासी नागपुर महाराष्ट्र, लक्ष्मी पत्नी बालकिशन उम्र 46 वर्ष निवासी तुनसार महाराष्ट्र, प्रेरणा उम्र 08 वर्ष निवासी तुनसार महाराष्ट्र, प्रमोद पुत्र तुलसीराम उम्र 52 वर्ष निवासी निवासी तुनसार महाराष्ट्र शामिल हैं।

# फर्स्ट एवर बीएमडब्ल्यू आई 4 भारत में लांच




नगर संवाददाता

देहरादून। फर्स्ट एवर बीएमडब्ल्यू आई 4 को आज भारत में लॉच किया गया है बीएमडब्ल्यू ग्रुप भारत में इलेक्ट्रिक कार्स की सर्वाधिक व्यापक पोर्टफोलियो की पेशकश करने वाली पहली कार निर्माता है इलेक्ट्रिफाइंग बीएमडब्ल्यू आई 4 बीएमडब्ल्यू की पहली इलेक्ट्रिक मॉडल है जो पूरी तरह ड्राइविंग डाइनैमिक्स पर केन्द्रित है यह अल्टीमेट इलेक्ट्रिक ड्राइविंग मशीन है जो नेक्स्ट जेन जॉय बीएमडब्ल्यू ऐटिट्युड की भावना का प्रतिनिधित्व करती है बीएमडब्ल्यू आई 4 में स्पोर्टिंग कौशल का एक ऐसे रेंज के साथ संयोजन है जो आराम भरपूर जगह और व्यावहारिकता के साथ लम्बे सफर के लिए भी माकूल है।

विक्रम पावाहए प्रेसीडेंटए बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के ने कहा कि बीएमडब्ल्यू आई 4 के लॉन्च के साथ मैं देश में प्रथम इलेक्ट्रि मिड. साइज सिडान को पेश करते हुए उत्साहित हूँ बीएमडब्ल्यू आई 4 संवहनीयता के अभूतपूर्व अनुभव के साथ बड़ी सहजतापूर्वक ड्राइविंग के आनंद का संयोजन करता है बीएमडब्ल्यू ईड्राइव टेक्नोलॉजीए हाई वोल्टेज लिथिअम आयन बैटरीए रीयर व्हील ड्राइव और ऐडवांस्ड सस्पेन्शन काइनेमेटिक्स के अद्वितीय संयोजन की बदौलत बीएमडब्ल्यू आई 4 असाधारण स्पोर्टी अहसास प्रदान करती है। यह भारत की सबसे लम्बी रेंज का इलेक्ट्रिक वाहन है श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ परिवेश जगहए और रीयर ऐक्सल सस्पेन्शन के साथ परम लग्जरी ज्यादा लम्बे सफर के लिए भी अधिकतम आराम सुनिश्चित करती है डाइनैमिक आरामदेह और समान अनुपात में शक्तिशाली बीएमडब्ल्यू आई 4 हर दिन हर समय अपेक्षाओं से बढ़ कर असली इलेक्ट्रिफाईंग अनुभव प्रदान करती है बीएमडब्ल्यू ग्रुप के पास आज भारतीय ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रि कार्स का सबसे व्यापक और विविधित पोर्टफोलियो है। ऑप्शनल एम एयरोडाइनैमिक किट इसके डाइनैमिक और स्पोर्टी कैरिक्टर को बेहतर बनाती हैं इसमें शामिल हैं एम एयरोडायनामिक बम्पर्स एक्सक्लूसिव 18 या 19.इंच एम लाईट एयरोडाइनैमिक अलॉय व्हील्स और हाई.ग्लॉस ब्लैक में एम एलमेंट्स फर्स्ट.एवर बीएमडब्ल्यू आई 4 असीमित किलोमीटर के लिए स्टैण्डर्ड दो साल की वारंटी के साथ मिलेगी। रिपेयर इन्क्लूसिव परिचालन के तीसरे वर्ष से अधिकतम पांचवें वर्ष तक किसी माइलेज लिमिटेशन के बगैर वारंटी को एक्सटेंड कर सकता है। बैटरीज पर आठ वर्षों के लिए या 160000 किलोमीटर तक के लिए वारंटी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

नगर संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जनपद में विभिन्न लाभार्थियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बताते हुए अपने अनुभव साझा किए कि कैसे प्रधानमंत्री आवास योजना से उनकी झोपड़ी के स्थान पर पक्का मकान बन गया। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार का सहृदय से आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी प्रेमवती देवी पत्नी गंगाराम वर्ष–2020.21 ग्राम पंचायत का नाम–मारखग्रान्ट आई0डी0 संख्या–149333251, लाभार्थी लियाकत अली पुत्र लफीत अली वर्ष–2020.21 ग्राम पंचायत का नाम–माजरीग्रान्ट आई0डी0 संख्या 117534690 लाभार्थी का नाम – तारा चन्द पुत्र सुगन सिंह वर्ष–2020.21 ग्राम पंचायत का नाम– माजरीग्रान्ट आई0डी0 संख्या–115724859, संगीता देवी पत्नी बनवारीलाल वर्ष–2020.21 ग्राम पंचायत का नाम– माजरीग्रान्ट आई0डी0 संख्या–124559111, सुमन देवी पत्नी ऋषिपाल वर्ष– 2020.21ग्राम पंचायत का नाम– माजरीग्रान्ट आई0डी0 संख्या–115971336 चन्दन सिंह नेगी पुत्र बहादुर सिंह नेगी वर्ष– 2020.21 ग्राम पंचायत का नाम–मारखमग्रान्ट आई0डी0 संख्या–132353244, राजेन्द्र सिंह पुत्र सुगन सिंह वर्ष–2020.21 ग्राम पंचायत का नाम–मारखमग्रान्ट आई0डी0 संख्या–149584323। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों द्वारा अपनी सफलता की कहानी बताते हुए बताया गया कि मजदूरी करके केवल अपने परिवार का भरण–पोषण किया जा सकता था इससे आगे



कुछ नही कर पा रहे थे तथा कच्चे मकान में वर्षाकाल एवं तेज हवाएं चलने के दौरान खतरा बना रहता था। प्रधानमंत्री आवास योजना से कैसे उनका अपना पक्के मकान का सपना पूर्ण होने की कहानी बयां करते हुए लाभार्थियों ने बताया कि गत वर्ष प्रधान जी ने बताया कि तुम्हारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत आवास स्वीकृत है, कुछ दिन बाद ब्लाक से ग्राम विकास अधिकारी द्वारा उनकी झोपडी का जियो टैग/फोटो करते हुए आधार कार्ड कि छायाप्रति और बैंक पास बुक की छायाप्रति मांगी, इसके एक सप्ताह के अन्दर संबंधित लाभार्थियों के बैंक खाते मे 60000.00 रू0 (साठ हजार रूपये) की प्रथम किस्त आई इससे उनके मकान का कार्य लिन्टर स्तर तक करवाने के उपरान्त ब्लाक से ग्रा0वि0अ0 आये और उन्होने मकान की लिन्टर स्तर की जियो टैंग/फोटो लेने के उपरान्त एक सप्ताह के भीतर लाभार्थियों के बैंक खाते में 40000.00 रू आ गये और उनके मकान का कार्य पूर्ण किया गया। कार्य पूर्ण होने के फलस्वरूप ग्रा0वि0अ0 द्वारा फिर जियो टैंग लेकर लाभार्थियों के बैंक खाते में 30000.00 रू0 की अन्तिम किस्त आयी तथा साथ ही साथ साजो– समान एंव बर्तन आदि हेतु राज्य सरकार द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुसार 5000.00 रू0 की धनराशि दी गयी एंव मनरेगा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को 95 दिन की मजदूरी 20235.00 रू भी दी जा रही है। इस प्रकार लाभार्थियों का अपना पक्का मकान शौचालय सहित बनाने का सपना पूरा होने पर लाभार्थी एवं उनके परिजन पक्का मकान मिलने से खुश है।



# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. जवाहर लाल नेहरू

नगर संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने प्रिय नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने स्व. नेहरू के जीवन पर बोलते हुए कहा कि नेहरू जी सच्चे देशभक्त थे उनके नेतृत्व में देश ने नये आयाम स्थापित किये। माहरा ने कहा कि नेहरू जी के नेतृत्व में देष के विकास को एक नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि वह नेहरू जी ही थे जिन्होंने एक मजबूत भारत की आधारशिला रखी। नेहरू जी के नेतृत्व में देश के अन्दर लोकतंत्र एवं धर्म निरपेक्षता की जड़ें मजबूत हुई। माहरा ने कहा कि महात्मा गांधी और पंडित



जवाहर नेहरू जी के नेतृत्व में पूरा देश आजादी के लिए संघर्ष कर रहा था और दूसरी तरफ ब्रिटिष सेना द्वारा उनके आन्दोलन को कुचलने काम किया जा रहा था। परन्तु उनकी सूझबूझ से देश आजादी के मार्ग पर अग्रसर हुआ। उन्होंने कहा कि आज भारत देश की गिनती विकासशील देशों में होती है जो नेहरू जी की ही देन है। श्री माहरा ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृश्णन जी ने कहा था'' जवाहरलाल नेहरू हमारी पीढ़ी के एक महानतम व्यक्ति थे। वह एक ऐसे अद्वितीय राजनीतिज्ञ थे, जिनकी मानव–मुक्ति के प्रति सेवाएं चिरस्मरणीय रहेंगी। स्वाधीनता–संग्राम के योद्धा के रूप में वह यषस्वी थे और आधुनिक भारत के निर्माण के लिए उनका अंषदान अभूतपूर्व था। उन्होंने कहा स्वतंत्रता के इतिहास में नेहरू जी का अपना एक विषेश स्थान है''। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्यता अभियान के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र भण्डारी, गढ़वाल मण्डल मीडिया प्रभारी गरिमा महरा दसौनी,, महानगर अध्यक्ष लाल चन्द शर्मा, प्रवक्ता दीप वोहरा, विनोद चौहान, मोहन काला, शान्ति रावत, वसी जैदी, टीका राम पाण्डेय, अनुराधा तिवाड़ी, साधना तिवाडी, शैलेन्द्र करगेती, राकेश चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## रानीपोखरी में किया गया उत्तरा स्टेट एमपोरियम का निर्माण




देहरादून, नगर संवाददाता। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार योजना के अन्तर्गत ग्राम्य विकास विभाग के सौजन्य से विकासखण्ड डोईवाला के रानी पोखरी में उत्तरा स्टेट एमपोरियम का निर्माण किया गया है। इसका निर्माण का उद्देश्य राज्य स्तरीय आजीविका मिशन के समूहों के विभिन्न उत्पादों के विपणन हेतु किया गया है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पाद यहाँ पर प्रदर्शित किये जा रहें हैं व उनकी अच्छी बिक्री भी हो रही है। स्थानीय लोग एंव यात्री यहाँ पर आ कर इन उत्पादों को खरीद रहे हैं व इनको काफी पसंद भी किया जा रहा है। उत्तरा स्टेट एमपोरियम में विभिन्न उत्पाद बिक्री हेतु रखे गये हैं जैसे पहाड़ी दालें, मसालें, अचार, हस्तनिर्मित, धूपबत्ती, जूस, हैण्डीक्राफ्ट आईटम, स्वेटर, जूट बैग, बांस से निर्मित टोकरी आदि स्थानीय उत्पादों की बिक्री की जा रही है, स्थानीय उत्पादों को लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। उत्तरा स्टेट एमपोरियम आतिथि तक लगभग 837ए101 की बिक्री हा चुकी है। चारधाम रूट पर होने के कारण यहाँ पर काफी यात्री रूक रहे हैं। साथ ही एयरपोर्ट के निकट होने के कारण भी यह यात्रियों में आकर्षण का केन्द्र है। इस के माध्यम से महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को एक उत्तम मंच मिला है जिसके द्वारा विपणन किया जा रहा है। महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अच्छे दाम पर बेचा जा रहा है जिससे उनको आय में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में इसका संचालन जनपद देहरादून के विकासखण्ड डोईवाला के स्वाभिमान क्लस्टर द्वारा की सहायता से किया जा रहा है।



# 31 मई को तम्बाकू मुक्त उत्तराखंड की शपथ लेंगे पांच लाख लोग



–अंडमान–निकोबार के उप राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि। –सूबे के विद्यालयों में प्रार्थना सभा में तम्बाकू निषेध की शपथ लेंगे छात्र–छात्राएं। –स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पंचायतीराज विभागों में प्रातः 10 बजे ली जायेगी शपथ

देहरादून, नगर संवाददाता। तम्बाकू मुक्त उत्तराखंड के लिए आगामी 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर प्रदेशभर के पांच लाख लोग तम्बाकू निषेध की शपथ लेंगे। दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित तम्बाकू निषेध शपथ समारोह में अंडमान–निकोबार के उप राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी मुख्य अतिथि एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मिलित होंगे। प्रदेश के समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, विद्यालयों में छात्र–छात्राओं के अलावा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सहित पंचायतीराज विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तम्बाकू निषेध की शपथ लेंगे। सूबे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने मीडिया को जारी एक बयान में बताया कि आगामी 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर प्रदेशभर में पांच लाख लोग तम्बाकू मुक्त उत्तराखंड के लिए तम्बाकू निषेध की शपथ लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दून मेडिकल कॉलेज में तम्बाकू निषेध शपथ समारोह आयोजित किया जायेग, जिसमें अंडमान–निकोबार के उप राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी मुख्य अतिथि होंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। डॉ0 रावत ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेशभर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्रातः होनी वाली प्रार्थना के ठीक बाद छात्र–छात्राएं तम्बाकू निषेध की शपथ लेंगे जबकि उच्च शिक्षा संबंधी समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पंचायतीराज विभागों में प्रातः 10 बजे तम्बाकू मुक्त उत्तराखंड के लिए तम्बाकू निषेध की शपथ लेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर तम्बाकू निषेध शपथ समारोह में विधायक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होंगे। विभागीय मंत्री ने बताया कि शपथ समारोह को सफल बनाने के लिये राज्य स्तर पर निदेशक एनएचएम डॉ0 सरोज नैथानी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जबकि जनपद स्तर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य शिक्षाधिकारी एवं जिला पंचायतीराज अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो स्टेट नोडल को सहयोग करेंगे। शपथ समारोह में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'आओ गांव चलें, उत्तराखंड को तम्बाकू मुक्त' करें अभियान में विशिष्ट कार्य करने वाले विभाग, अधिकारी, कर्मचारी एवं व्यक्ति को शपथ समारोह में सम्मानित किया जायेगा। डॉ0 रावत ने कहा कि एक सर्वे के मुताबिक राज्य में 26.5 प्रतिशत लोग तम्बाकू का सेवन करते हैं, इस आंकडे को कम करने के लिए लोगों को जागरूक किया जाना जरूरी है तभी जाकर उत्तराखंड तम्बाकू मुक्त राज्य का दर्जा हासिल कर सकेगा। उन्होंने कहा कि तम्बाकू सेवन से भले ही क्षणिक सुख मिलता हो लेकिन धीरे–धीरे शरीर असाध्य बीमारियों से घिर जाता है।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर सरकार संकल्पबद्ध



चंपावत, नगर संवाददाता। उत्तराखंड में हम सबके लिए समान कानून की व्यवस्था लाने जा रहे हैं। हमने इसकी घोषणा राज्य में हुए चुनावों से पहले ही कर दी थी अब इस पर हमने काम करना भी शुरू कर दिया है। गोवा के बाद उत्तराखंड ऐसा दूसरा राज्य होगा जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होगा। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चंपावत में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही गई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मार्च 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से पूर्व इसकी घोषणा की गई थी। हमने राज्य में नई सरकार के गठन के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। समिति की रिपोर्ट आते ही इसे आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों के हितों की सुरक्षा के लिए यह कानून जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के कुछ हिस्सों से उन्हें जनसंख्या के घनत्व में असंतुलन की खबरें मिल रही थी, उन्होंने कहा कि अनाधिकृत रूप से बाहरी लोगों के राज्य में आने और बसने के कारण जो समस्याएं पैदा हो रही है सरकार उन्हें लेकर पूरी तरह से सतर्क है। देवभूमि की देव संस्कृति को अक्षुण बनाए रखने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। किसी को सूबे का माहौल बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था उत्तराखंड कोई बाहरी लोगों की शरण स्थली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता ने दोबारा भाजपा को जो जनादेश देकर उस पर भरोसा जताया है उनकी सरकार उसके अनुरूप काम करेगी उन्होंने कहा कि हम हर काम जनता की राय और इच्छा के अनुसार ही करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले दशक को उत्तराखंड के विकास का दशक घोषित किया और यह विकास का लक्ष्य जनता के सहयोग के बिना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बीते 6 सालों में राज्य के विकास के लिए तमाम काम किए गए हैं। बहुत से काम किए जा रहे हैं लेकिन बहुत सारे काम किए जाने बाकी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आपको यह भरोसा दिला सकता हूं कि भाजपा जो कहती है वह करती भी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उनके लिए अपनी सीट छोड़ने वाले कैलाश गहतोड़ी भी थे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक प्रवीन भारद्वाज द्वारा दून हाइट्स पब्लिकेशन, 12 किशनपुर राजपुर रोड, देहरादून से मुद्रित एवं 20 दिलाराम बाजार देहरादून, उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
क्राइम पेट्रोल सांध्य दैनिक सम्पादक प्रवीन भारद्वाज मो. 9837625470, फैक्स : 0135-2740155 नोटः– समस्त विवादों का न्यायालय देहरादून क्षेत्र होगा।